विद्या मन्दिर देवरिया के अटल ट्रिंकरिंग लैब (वर्कशाप) का हुआ निरीक्षण

देवरिया ।। सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मन्दिर देवरिया खास देवरिया में आज प्रातः 10.00 बजे से देवरिया पालीटेक्निक विद्यालय देवरिया के प्रधानाचार्य श्री दिनेश चन्द्र गौतम एवं उनकी टीम के श्री नरेन्द्र मिश्र, ए0के0 मल्ल, उमाशंकर जी एवं सुधीर सिंह के द्वारा विद्यालय में स्थापित देवरिया जिले का एकमात्र लैब अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रोजेक्टों का गहन अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट लीडर भैया विष्णु चौरसिया एव उनके टीम, ब्लाइन्ड स्टीक प्रोजेक्ट लीडर अन्श कुमार मल्ल, होम आटोमेशन के आर्यान्श चन्द, रेडियो फ्रिक्वेन्शी के यथार्थ पाठक, ब्लू टूथ माड्ल्य कार के अंकित यादव, स्मार्ट डस्टबीन के शशांक पाण्डेय, आब्सटकल अवाडिंग डिवाइस के अर्नव गुप्ता ,रडार सिस्टम के अविरल प्रताप , वाटर सेविंग सिस्टम के दिव्यान्श यादव एवं उनकी टीम ने अपने–अपने प्रोजेक्ट के निर्माण व उपयोग के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के बाद आगन्तुक टीम ने पूरे प्राजेक्ट को सराहा तथा आवश्यक दिशा निर्देश देकर उनका ज्ञान वर्धन किया। उन्होने वर्कशाप की पूरी टीम को अपने विद्यालय में आमंत्रित भी किया। वर्कशाप निरीक्षण का आरम्भ सर्वप्रथम सभी सम्मनित अतिथियों का परिचय व अंगवस्त्र एवं श्रीफल ,स्मृतिचिन्ह् देकर सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्व सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब के इंचार्ज श्री रितेश कुमार मिश्र व देवेन्द्र कुमार प्रजापति ने पूरे कार्यक्रम को संचालित किया। संहयोग मे आचार्य चन्द्र प्रकाश सिंह, प्रेम विकास तिवारी, शैलेश कुमार, मार्तण्ड मणि त्रिपाठी रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव,   प्रबन्धक श्री मुन्नीलाल शर्मा, दिलीप श्रीवास्तव, अमरेन्द्र उपाध्याय, नितिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।